VISM GROUP OF STUDIES
VISM CAMPUS: NH-75, Jhansi Road, Gwalior - 474001 (M.P.)
website: www.vismgwalior.com | Email : vism_gwalior@rediffmail.com
Ph: 0751-2970027 | Fax : 0751-2970023

"व्हीआईएसएम में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस"

व्हीआईएसएम में आज दिनांक 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया.संस्थान के समस्त महाविध्यालयो के छात्र छात्राओ ने इस अवसर पर आयोजित की गयी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया.महाविध्यलायो के विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण से सम्बन्धित विभिन्न विषयो पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . इसके अत्तिरित संस्थान परिसर में छात्र छात्राओ एवं स्टाफ के सदस्यों ने पोधारोपण किया एवं पर्यावरण रक्षा की शपथ ली. इस अवसर पर संस्थान की ग्रुप निदेशक डॉ प्रज्ञा सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा की महत्ता बताते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारी सतत लापरवाही के कारण आज सारी दुनिया में प्राकृतिक आपदाए एवं विभिन्न बीमारीया बढती जा रही है.असंख्य मात्रा में कार्बन उत्सर्जन के कारण पर्यावरण संतुलन गडबडा गया है जिसके कारण न केवल वायुमंडल बल्कि हमारी नदियाँ एवं समुद्र भी प्रदूषित हुए है. हम वातावरण में स्वास नहीं ले पा रहे है . हम सभी को सामूहिक संकल्प लेना होगा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए कार्य करे .अधिक से अधिक पोधारोपण करे. घर से निकलने वाले कचरे को उपयुक्त स्थान तक पहुचाये तभी हम आने वाली जनरेशन को एक बेहतर एवं जीने योग्य दुनिया दे सकेंगे. हमारा संस्थान परिसर हरेभरे वृक्षों से युक्त है एवं संस्थान का प्रत्येक व्यक्ति यह कोशिश करे कि इसे पोलीथिन मुक्त परिसर भी बनाये . तभी इस दिवस का महत्त्व प्रतिपादित होगा.

आयोजित हुए पोस्टर प्रतियोगिता में जय इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड रिसर्च की सरिता प्रथम एवं प्रशांत द्वितीय , जय इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च की रिया सेंगर प्रथम एवं अमन द्वितीय तथा पैरामेडिकल कॉलेज की दीपेका ने प्रथम एवं प्रमान्शी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. स्लोगन राइटिंग में नर्सिंग महाविद्यालय की काजल ने पुरस्कार जीता .

संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर एवं ग्रुप निदेशक ने प्रतियोगिताओं के विजेताओ को पुरस्कृत किया.इस अवसर पर समस्त शेक्षणिक एवं गैर शेक्षणिक स्टाफ के सदस्यों सहित छात्र छात्राए उपस्थति रहे.